# ECHO OF HIS CALL

HINDI

# बुलावे की प्रतिध्वनि

ECHO OF HIS CALL 1969-2019 GOLDEN JUBILEE (ECHO GROUP)

India's National Spiritual Newspaper

₹ 10/-

Published monthly in ENGLISH, TAMIL, MALAYALAM, TELUGU, HINDI, KANNADA, MARATHI, BENGALI, GUJARATI, ODIYA, ASSAMESE, PUNJABI, NEPALI, URDU, SINHALA & AFRIKAN

Editor : S. SAM SELVA RAJ | 16 Languages | Associate Editor : Sis. DOROTHY S. THOMAS

Vol. XXVII YEAR OF OUR LORD JESUS CHRIST, SEPTEMBER 2022 No.10


पवित्र बाइबल!

**इन वचनों को याद करें परमेश्वर की स्तुति हो**

**नीतिवचन १५:२३-३३**

२३ सज्जन उत्तर देने से आनन्दित होता है, और अवसर पर कहा हुआ वचन क्या ही भला होता है!

२४ बुद्धिमान के लिये जीवन का मार्ग ऊपर की ओर जाता है, इस रीति से वह अधोलोक में पड़ने से बच जाता है।

२५ यहोवा अहंकारियों के घर को ढा देता है, परन्तु विधवा के सिवाने को अटल रखता है।

२६ बुरी कल्पनाएं यहोवा को घिनौनी लगती हैं, परन्तु शुद्ध जन के वचन मनभावने हैं।

२७ लालची अपने घराने को दुख देता है, परन्तु घूस से घृणा करने वाला जीवित रहता है।

२८ धर्मी मन में सोचता है कि क्या उत्तर दूं, परन्तु दुष्टों के मुंह से बुरी बातें उबल आती हैं।

२९ यहोवा दुष्टों से दूर रहता है, परन्तु धर्मियों की प्रार्थना सुनता है।

३० आंखों की चमक से मन को आनन्द होता है, और अच्छे समाचार से हड्डियां पुष्ट होती हैं।

३१ जो जीवनदायी डांट कान लगा कर सुनता है, वह बुद्धिमानों के संग ठिकाना पाता है।

३२ जो शिक्षा को सुनी-अनसुनी करता, वह अपने प्राण को तुच्छ जानता है, परन्तु जो डांट को सुनता, वह बुद्धि प्राप्त करता है।

३३ यहोवा के भय मानने से शिक्षा प्राप्त होती है, और महिमा से पहिले नम्रता होती है।

# परमेश्वर आपको ऊंचा उठा सकता है!

## GOD CAN RAISE YOU AND LIFT YOU!

पा. एस सैम सेल्वराज

**"वह कंगाल को मिट्टी पर से, और दरिद्र को घूरे पर से उठा कर ऊंचा करता है"** (भजन ११३:७)।

**यहोशू कौन था?**

मूसा की मृत्यु के बाद, उसका सहायक यहोशू उसके स्थान में इस्राएली लोगों का अगुवा बना। "यहोवा के दास मूसा की मृत्यु के बाद यहोवा ने उसके सेवक यहोशू से जो नून का पुत्र था कहा, (यहोशू १:१)। "इन बातों के बाद यहोवा का दास, नून का पुत्र यहोशू, एक सौ दस वर्ष का हो कर मर गया" (यहोशू २४:२६)। पहला पद कहता है कि यहोशू मूसा का सहायक था और अंतिम वचन कहता है कि वह प्रभु का सेवक था।

"वह कंगाल को मिट्टी पर से, और दरिद्र को घूरे पर से उठा कर ऊंचा करता है" (भजन ११३:७)। परमेश्वर पीड़ितों, निर्धनों, ज़रूरतमंदों और बीमारों का परमेश्वर है। परमेश्वर ने मनुष्य को अनुमति दी कि वह दूसरे व्यक्ति का सहायक बने और बाद में उसे अपना सेवक बना लिया। यहोशू का असली नाम होशिया था और मूसा ने उसका यहोशवा कर दिया। यहोशू का मतलब है 'परमेश्वर उद्धार है।' यहोशू के जीवन का मिशन था उस भूमि पर कब्जा करना जो परमेश्वर ने उन्हें दी थी। परमेश्वर ने अस्सी वर्ष के व्यक्ति को खड़ा किया और उसे अधिकार और स्वर्ग की कुंजियां दीं! यहोशू का जन्म धनी परिवार में नहीं हुआ था - उसका जन्म मिस्र के एक गुलाम के रूप में हुआ था।


जलती झाड़ी में से परमेश्वर ने मूसा को नाम लेकर बुलाया। जब शाऊल दमिश्क के मार्ग पर था, तब उसे एक आवाज़ सुनाई दी, "शाऊल, शाऊल..." परंतु यहोशू को न तो नाम लेकर बुलाया गया, न ही उसने कोई दर्शन या चिन्ह देखा। उसे एक वृद्ध व्यक्ति मूसा का सहायक बनाया गया था, जिसने उसे प्रभु परमेश्वर के बारे में सिखाया। यहोशू ने एक वृद्ध व्यक्ति की सुनने के द्वारा परमेश्वर की सामर्थ प्राप्त की।

हम जानते हैं कि परमेश्वर की बुलाहट प्रत्येक व्यक्ति के लिए अलग होती है। कोई भी दूसरे के आगे श्रेष्ठ या निम्न स्तर का नहीं। मूसा बोलने में लड़खड़ाता था, उसने युद्ध कला सीखी थी और वह मज़बूत और ताकतवर था। उसका ध्यान आकर्षित करने के लिए बोलने वाली जलती झाड़ी की ज़रूरत थी! जंगल के बीच में, एक झाड़ी जल रही थी; परंतु वह भस्म नहीं हो रही थी। वहां कोई भी नहीं था, फिर भी एक आवाज़ ने उसे पुकारा, "मूसा, मूसा!" इस प्रकार की परिस्थिति का सामना करने वाला

*पृष्ठ 3 में क्रमशः...*

# ECHO OF HIS CALL - (1969-2019 GOLDEN JUBILEE YEAR)

## from your dearly beloved brother...



(ECHO GROUP)



**OUR MISSION POLICY**

We should expound and teach the contemporary generation the undiluted teachings of the ancient and early Apostles. It is the need of the hour.


CHIEF EDITOR
Angeline Selvakumari Henry, M.A., M.Ed.

MANAGING EDITOR
Pastor Alex Samson Sam, B.Th., M.Div.

ADMINISTRATION
Bro. N. Prakasam, M.A., General Manager

EDITORIAL BOARD
Sis. Jesy Veena Sam
Sis. Serena Bevin, M.A., M.Phil., B.Ed.
Rev. Dr. K.R. Rajasekaran
Dr. A. Richard Samuel, M.A., Ph.D.



EDITOR, PUBLISHER & PRINTER
Pastor S. SAM SELVA RAJ
Echo of His Call Printers
10, Mohammed Abdullah 2nd Street,
Chepauk, Chennai- 600 005, India.
Phone : (+ 91- 44) 2852 8282, 2852 9293, 2854 7766
Cell : (+91) 98410 71852, 95661 31858



CORE LEADERS
Bro. K. Puratchivendan
Bro. A. Edward Durai
Bro. A. Alvin
Bro. K. Abraham
Sis. Dhanalakshmi Chinnaiah



E.mail ID
sam@echoofhiscall.org
biblecor@yahoo.co.in

WEBSITES
www.echoofhiscall.org
www.stpaulsmatriculation.com

YOUTUBE CHANNEL
Echo of His Call


**"धर्मी लोग खजूर की नाईं फूले फलेंगे, और लबानोन के देवदार की नाईं बढ़ते रहेंगे।"** (भजन ९२:१२)

प्रभु में अत्यंत प्रिय,

**"हमारे पिता परमेश्वर और प्रभु यीशु मसीह की ओर से अनुग्रह और शान्ति तुम्हें मिलती रहे"** (फिलेमोन १:३)।

अपने अच्छे स्वास्थ्य और प्रभु में आनंद में विश्वास करते हुए, हम प्रतिदिन प्रार्थना करते हैं कि प्रभु आपको आशीष दे और आपकी रक्षा करे। हमारा प्रभु और उद्धारकर्ता यीशु मसीह, जो हमारी प्रार्थनाओं का उत्तर देता है और प्रतिफल देता है, आपको अवश्य आशीष देगा। वह आपको अपने पंखों तले छिपा लेगा (भजन ६१:४)।


जब तक कि मुश्किल समय बित नहीं जाता, तब तक वह अपने पंखों के नीचे आपकी रक्षा करेगा। इसलिए हियाव बांधों और मत डरो; जब तक विनाश दूर न हो उसके पंखों की छाया में आश्रय लेते हुए आगे बढ़ते जाओ (भजन ५७:१)। परमेश्वर का सामर्थी हाथ आपके साथ है।

विभिन्न रूकावटों के बावजूद, हम **ऐको ऑफ हिज़ सेवकाईयों** के प्रत्येक विभाग का सुनियोजित ढंग से प्रबंधन कर रहे हैं। परमेश्वर प्रतिदिन नई आत्माओं को जोड़ रहा है। दूसरी ओर हम अपनी शक्ति से परे शत्रु के संघर्षों, आर्थिक ज़रूरतों, और अन्य समस्याओं के कारण जिनका लिखकर उल्लेख नहीं किया जा सकता बोझ से अत्यंत दबे हुए हैं। परमेश्वर की स्तुति हो कि हम परमेश्वर के अनुग्रह से सारी बातों पर जय पाने में सक्षम हैं। हम आपके समान ही सुख-दुख भोगी लोग हैं। कृपा करके अपनी आग्रहपूर्ण प्रार्थनाओं में हमें उठाकर रखें। आपकी प्रार्थना और सहायता के लिए हम आपके आभारी हैं।

परमेश्वर ने आश्चर्यजनक रूप से रेव्ह. डॉ. के. आर. राजशेखरन और डॉ. ए. रिचर्ड सैम्यूएल को सही समय पर हमारे साथ जोड़ा। परमेश्वर बहुत भला है। परमेश्वर की स्तुति और महिमा हो! बधाई हो! हमारे प्रिय भाईयों, परमेश्वर आपको आशीष दे!!



*रेव्ह. डॉ. के. आर. राजशेखरन*



*डॉ. ए. रिचर्ड सैम्यूएल*

हमारे **ऐको ऑफ हिज़ कॉल** मुख्य गिरजाघर में ६ और ७ अगस्त को ५४वा वार्षिक सम्मेलन और नऐ सेवकों की प्रवेश आराधना सभा सम्पन्न हुई। परमेश्वर ने चैन्नई के वरिष्ठ पासबानों में से एक और हमारे निकटतम मित्र पास्टर एस. अब्राहम को परमेश्वर ने सामर्थ के साथ इस्तेमाल किया। मेरी बेटी एन्जेलिन ने उनके संदेशों का तमिल से अंग्रेजी में भाषांतर किया। बहन रायमा गेत्सी एलेक्स सैमसन, भाई जे. सैम्यूएल और बहन एस. कांता को अधिकृत तौर पर **ऐको ऑफ हिज़ कॉल** सेवकाईयों में पूर्णकालीन सेवकों के रूप में स्वीकार किया गया। हमारे प्रेमी और प्रतिष्ठीत भाई के पुरातचिवेनथन, ए. एडवर्ड दुरई, ए. एल्विन के अब्राहम और बहन धनलक्ष्मी चिन्नईया को तीन साल के लिए बोर्ड सदस्यों के रूप में प्रवेश दिया गया। हमारा दृढ़ विश्वास है कि हमारा परमेश्वर हमारी सेवकाई को भविष्य में अगले स्तर पर ले

जाएगा। हमारी प्रार्थना है कि परमेश्वर उसके आगमन तक ऍको ऑफ हिज़ कॉल सेवकाईयों की अगुवाई करता रहेगा और उन्हें सम्भाले रहेगा। और परमेश्वर आपमें से प्रत्येक को भी बहुतायत से आशीष प्रदान करे जो हमारे मज़बूत प्रायोजक हैं। हमें उन सभी का स्वागत करने और उन्हें आशीष देने में प्रसन्नता होती है जिन्होंने हमारे साथ हमारी सेवकाई के पिछले ५३ वर्षों तक यात्रा की। **हमारे अच्छे मित्रों में से एक भाई केन ने अपने ई-मेल में घोषित किया, "प्रिय भाई सैम, ५४ वर्ष - यह अद्भुत है!"** इसने हमारे हृदयों को छू लिया!! प्रभु यीशु मसीह की स्तुति हो!!! हम सेवकाई के आरम्भ से हमारे प्रतिभागियों का और जो नए आए हैं उनका भी समान रूप से आदर करते हैं। **"परमेश्वर सच्चा है; जिस ने तुम को अपने पुत्र हमारे प्रभु यीशु मसीह की संगति में बुलाया है"** (१ कुरिं. १:९)।

हम कृतज्ञतापूर्वक हमारे बोर्ड सदस्यों, कलीसिया के सदस्यों और सेवकों, मासिक के पाठकों, सहायक सम्पादकों, प्रार्थना सहभागियों, विश्वास सहभागियों, आजीवन सहभागियों, शुल्क सहभागियों, महान आदेश सहभागितयों, मिशनरियों, शाखा कलीसिया के पासबानों राज्य समन्वयकों, विदेशी मित्रों, **सेंट पॉल्स मैट्रिकुलेशन स्कूल, नहेम्याह बाइबल कॉलेज, और दफ्तर आदि के कर्मचारी सदस्यों** का इस अवसर पर अभिवादन करते हैं। जब हम सोचते हैं कि साल १९६९ से आज तक उसने किस प्रकार से हमारी अगुवाई की है, तो प्रभु यीशु मसीह में हमारा आनंद उमड़ने लगता है!

प्रभु आप सभों को आशीष दे।

*मसीह यीशु में आपके सेवक,*

*पास्टर एस. सैम सिल्वा राज और एलेक्स सैमसन सैम*

(+91) 98412 71858 / 98410 71858, E.mail : samselvaraj333@gmail.com

*पृष्ठ 1 से आगे:...*

कोई भी व्यक्ति डर जाता। यदि मूसा ने परमेश्वर से पूछा होता, "कृपा करके मेरे बच्चों को मिस्र देश की गुलामी से बाहर निकाल लाओ," तो निश्चित रूप से वह उस प्रस्ताव को स्वीकार नहीं करता। उसे पहले परमेश्वर की अद्भुत सामर्थ देखने की ज़रूरत थी।

परंतु यहोशू भिन्न स्वभाव का था। उसका हृदय परमेश्वर के वचन को सुनने के लिए खुला था। इसलिए परमेश्वर ने मूसा से कहा कि वह उसे उसके स्थान में अभिषेक करे।

जब आप परमेश्वर के वचन का पालन करेंगे तो आप उसकी आशीषों का आनंद उठाएंगे। परमेश्वर सही समय पर कार्य करता है। हम अपेक्षा करते हैं कि सबकुछ तेज़ी से पूरा हो। हमारा वेग और परमेश्वर का समय आपस में मेल नहीं रखते। इसके कारण, कई लोगों के जीवन में विलम्ब होता है, जैसे कि उनके अध्ययन में विलम्ब, रोग से छुटकारा पाने में विलम्ब, उनके व्यक्तिगत जीवनों में आशीष पाने में विलम्ब आदि। जब ऐसी बातें होती हैं, तब इसका मतलब यह नहीं कि परमेश्वर हमें भूल गया है। बल्कि परमेश्वर कुछ महान करने जा रहा है। हमें अपने आपको उसके सामर्थी हाथों में दीन बनाना है। तब परमेश्वर आपको आशीष देगा और जो कुछ आपने खोया है वह सब वह लौटा देगा - आपका स्वास्थ्य भी! परमेश्वर द्वारा आपकी आयु भी बढ़ जाएगी।

जब परमेश्वर गुलामी से, निर्धनता से और कमी घटी से मनुष्य को उठाता है, तो वह उसे राजाओं के सामने खड़ा करता है। यहोशू कई वर्षों के लिए विजेता और न्यायी में बदल गया था।

## १. सकारात्मक विश्वास का वचन

यदि परमेश्वर को कोई अलौकिक कार्य करना है, तो हमें उसके वचन और उसके प्रतिज्ञाओं पर विश्वास करना चाहिए। जब हम गिनती के अध्याय १३ और १४ को पढ़ते हैं, तो हम पाते हैं कि मूसा ने इस्राएल के सन्तानों के प्रधानों को कनान देश का भेद लेने के लिए भेजा था यह देखने के लिए कि क्या यह रहने के लिए उपयुक्त है। जब वे वापस आए, तो उन्होंने बताया कि वहां रहने वाले लोग बलवान और महाकाय हैं और वहां जाना असंभव है। यहोशू भी कनान देश का भेद लेने गया। इस



व्यक्ति ने भी वहां के पुरुषों को भी इस्राएलियों की तुलना में लंबा और ताकतवर देखा। परंतु उसने उसे कोई महत्व नहीं दिया, उसने बताया, इस्त्राएलियों की सारी मण्डली से कहने लगे, कि जिस देश का भेद लेने को हम इधर उधर घूम कर आए हैं, वह अत्यन्त उत्तम देश है। **"तो हम को उस देश में, जिस में दूध और मधु की धाराएं बहती हैं, पहुंचाकर उसे हमे दे देगा"** (गिनती १४:७,८)। उन्होंने सकारात्मक समाचार दिया।

जब हमारा मूल चर्च भवन पुराना और जीर्ण-शीर्ण अवस्था में था, तो हमारे पास इसे सुधारने के लिए पैसे नहीं थे। हमारे कार्यालय के लिए कोई जगह नहीं थी और आराधना सभा चलाना कठिन था। हमें विश्वास था कि परमेश्वर हमारे लिए सब कुछ करेगा - विश्वास के सकारात्मक शब्द आए। "छह महीने में एक चर्च बनेगा, एक प्रेस काम करेगा - इमारत को सुंदर बनाया जाएगा"। क्या हमारे पास कोई फंड था? क्या किसी ने दान देने का वादा किया था? क्या किसी ने पैसे दिए? किसी ने नहीं। लेकिन हमने परमेश्वर के वादे के अनुसार विश्वास से काम शुरू किया और काम चलता रहा और हमारी ज़रूरतें पूरी हुईं। योजना के अनुसार इमारत सही समय पर खड़ी हो गई। जैसा कि हम आज देख रहे

हैं, एक सुंदर ऊंची इमारत खड़ी है! प्रभु प्रयोजन करेगा। आपके कर्ज़ मिटा दिए जाएंगे, आपके आंसू गायब हो जाएंगे, कठिन समय बीत जाएगा, प्रभु इसे देखेगा।

## २. यहोशू, सहायक

यहोशू मूसा का विश्वासयोग्य सहायक था। यदि आप चाहते हैं कि प्रभु आपको आशीष दे, तो आपके मन में सेवा की भावना होनी चाहिए। ऐसे लोग ही ऊंचे पदों पर आसीन होते हैं। जब आप महान राष्ट्रीय नेताओं के जीवन को देखते हैं, तो आप सोचते होंगे कि उन्होंने वह मुकाम आसानी से हासिल कर लिया। लेकिन यदि आप उनके जीवन को करीब से देखें, तो आपको पता चलेगा कि उनमें से अधिकांश ने बहुत त्याग के साथ यह मुकाम हासिल किया होगा। उनके बलिदान का आदर करते हुए, परमेश्वर ने उन्हें उठाया। परमेश्वर जो कहेगा उसे पूरा करेगा। “और उसने कहा, धन्य है इस्राएल का परमेश्वर



यहोवा, जिसने अपने मुंह से मेरे पिता दाऊद को यह वचन दिया था, और अपने हाथों से इसे पूरा किया है” (२ इतिहास ६:४)।

“और जो तुम में प्रधान होना चाहे वह तुम्हारा दास बने” (मत्ती २०:२७)। यदि कोई पहला बनना चाहता है, तो वह दास के रूप में आपकी सेवा करे और फिर परमेश्वर उसे आशीष देगा और उसे एक महान अगुवा बनाएगा।

१९६६ में, मैं तमिल पत्रिका “वरुगैयिन थूथान” के संपादक भाई एस. देवदासन के अधीन काम कर रहा था। जब मैं अपने काम पर दाखिल हुआ, तो मुझे जो पहला काम सौंपा गया, वह था दफ्तर और उसके अंदर की टेबल की सफाई करना। बिना किसी झिझक के मैंने खुशी-खुशी काम स्वीकार कर लिया। मैंने कार्यालय के फर्श की भी सफाई की। दिन बीत गए - महीने बीत गए - साल बीत गए - मैंने अपना काम जारी रखा। एक दिन संपादक ने अपनी सारी जिम्मेदारी और अपने कार्यालय की चाबी मुझे सौंप दी और कहा, “परमेश्वर का आत्मा आप पर है, आप सभी बातों में बुद्धिमान हैं।” परमेश्वर ने संपादक के मन से मेरी स्थिति को ऊंचा करने के लिए कहा। उनका अभिषेक और प्रेम मुझ पर आया और मैं परमेश्वर का दास बन गया। हमें सेवा की भावना से भर जाना चाहिए।

इन दिनों बहुत से लोग महान प्रचारक और अगुवा बनने के लिए आगे आते हैं। लेकिन वे परमेश्वर के अच्छे सेवक के अधीन प्रशिक्षित होने के लिए तैयार नहीं हैं, जिसने परिपक्व आत्मिक जीवन व्यतीत किया है। आत्मिक जीवन के वास्तविक चरणों को जाने बिना, कई लोग रेव्हरेंड, डह्क्टर, बिशप, पास्टर, वरदान प्राप्त परमेश्वर के जन, अंतर्राष्ट्रीय वक्ता आदि कहलाना चाहते हैं, ऐसे लोग जल्दी ही किसी परीक्षा, कठिनाइयों या कष्टों में फंस जाते हैं और अपनी आत्मिकता खो देते हैं। यह आवश्यक है कि प्रत्येक व्यक्ति परमेश्वर के पवित्र और आत्मिक सेवक के अधीन कार्य करे, उनके महान चरित्र, आदतों और ईश्वरीय स्वभाव को जानें और उन अच्छे गुणों का पालन करें।

प्रभु की सेवकाई के अपने जीवन में, मैंने स्वर्गीय पादरी एस. देवदासन (वरुगैयिन थूथन) से निम्नलिखित तीन अच्छे गुण सीखे हैं। आत्मिक जीवन के वास्तविक चरणों को जाने बिना, कई लोग रेव्हरेंड, डह्क्टर, बिशप, पास्टर, वरदान प्राप्त परमेश्वर के जन, अंतर्राष्ट्रीय वक्ता आदि कहलाना चाहते हैं, ऐसे लोग जल्दी ही किसी परीक्षा, कठिनाइयों या कष्टों में फंस जाते हैं और अपनी आत्मिकता खो देते हैं। यह आवश्यक है कि प्रत्येक व्यक्ति परमेश्वर के पवित्र और आत्मिक सेवक के अधीन कार्य करे, उनके महान चरित्र, आदतों और ईश्वरीय स्वभाव को जानें और उन अच्छे गुणों का पालन करें।

प्रभु की सेवकाई के अपने जीवन में, मैंने स्वर्गीय पादरी एस. देवदासन (वरुगैयिन थूथन) से निम्नलिखित तीन अच्छे गुण सीखे हैं।

पृष्ठ 6 में क्रमशः...


नहेम्याह बाइबल कॉलेज
रेसिडेन्शल कॉलेज, चेन्नई।

माध्यमः हिन्दी

ECHO OF HIS CALL 1969-2019 (ECHO GROUP)

ATA Regd. Candidate for Membership NEHEMIAH BIBLE COLLEGE CHENNAI ECHO OF HIS CALL Estd.: 1969

*सदस्यता के लिए पंजीकृत उम्मीदवार* - ATA

**सुविख्यात अंतर्राष्ट्रीय मसीही अगुवे तथा पिछले 53 वर्षों से सेवारत वरिष्ठ पासवान**

सर्टिफिकेट इन थियोलॉजी – 1 साल
डिप्लोमा ऑफ थियोलॉजी – 2 साल

**योग्यता 10 वी या अधिक**
**जल्दी करें!**

**Contact : The Chairman, Nehemiah Bible College.**

10, MOHAMMED ABDULLAH 2ND STREET, CHEPAUK, CHENNAI - 600 005, INDIA.
Phone : (+91-44) 2852 8282, Cell : (+91) 98410 71852 / 95661 31858
E.mail : sam@echoofhiscall.org / Website : www.echoofhiscall.org

★ ऑनलाइन कक्षाएं उपलब्ध हैं ★

GREAT COMMISSION PARTNERS
ECHO OF HIS CALL MINISTRIES SINCE 1969

# महान आदेश के भागी

✽ भार उठना (गलातियों ६:२), ✽ सहायता करना (रोमियों १२:१३) और ✽ चमकाना (२ तीमुथियुस १:६)

## स्तुति और प्रार्थना निवेदन

### १६ सितम्बर २०२२ से १८ अक्टूबर २०२२ तक

(कृपया इस पृष्ठ को फाड़िये, घड़ी कीजिए और उसे अपनी बाइबल में रखकर निरंतर प्रार्थना कीजिए।)

## स्तुति विषय

१६ सितंबर ५ १९६९ से पत्रिका सेवकाई के प्रति हमारी प्रतिबद्धता पर उनकी आशीषों के लिए।

२० सितंबर : हमारे आवासीय और सान्ध्यकालीन नहेमायाह बाइबिल कहलेज के लिए नए छात्रों को उपलब्ध कराने के लिए।

२१ सितंबर : हमें अपनी पत्रिका को १६ भाषाओं में हमारे सुसमाचार छापखाने में छापने और प्रकाशित करने और मिशन क्षेत्रों में भेजने में सक्षम बनाने के लिए।

२२ सितंबर : हमारे कार्यकर्ताओं के परिवारों पर उसकी आशीष के लिए।

२३ सितंबर : हम अपने प्रार्थना सहभागियों, शुल्क सहभागियों, विश्वास के सहभागियों, आजीवन प्रतिभागियों, महान आदेश प्रतिभागियों और उनके परिवार के सदस्यों के लिए प्रभु की स्तुति करें।

२४ सितंबर : हमारे बाइबिल पत्राचार पाठ्यक्रम और ईश्वरविज्ञान पत्राचार पाठ्यक्रम की बढ़ौतरी के लिए।

२५ सितंबर : हमारे सहायक संपादकों और उनके परिवारों पर आशीष।

२६ सितंबर : हमारा मुख्य चर्च और शाखा चर्च और उसके विश्वासियों के लिए।

२७ सितंबर : हमारी प्रकाशन सेवकाई के लिए नए सहायक संपादक, रेव्ह. डह. के.आर. राजशेखरन को दिया।

२८ सितंबर : हमारे सेंट पहल्स मैट्रिकुलेशन स्कूल के प्रधानाचार्य, शिक्षक और अन्य कर्मचारी सदस्यों के लिए।

२९ सितंबर : एको ऑफ हिज़ कॉल सेवकाई के कर्मचारियों और उनके परिवारों की हमारी  की रक्षा के लिए।

३० सितंबर : जुलाई के महीने में हमारी जरूरतों को पूरा करने के लिए।

०१ अक्टूबर : हमें नियमित रूप से थियोलहजिकल सेमिनार आयोजित करने में सक्षम बनाने  के लिए।

०२ अक्टूबर : विविध सेवकाईयों के माध्यम से सुसमाचार का प्रचार करने की वरिष्ठ पासबान की प्रतिबद्धता के लिए।

अक्टूबर ०३ : हमारी कलीसिया को नए विश्वासी देकर आशीषित करने के लिए।

## प्रार्थना विषय

०४ अक्टूबर : परमेश्वर के प्रति सभी राष्ट्रों के विश्वासियों में सत्यनिष्ठा के लिए।

०५ अक्टूबर : हमारे संगठन, सभी कर्मचारियों और उनके परिवारों पर आशीष के लिए।

०६ अक्टूबर : हमारे वरिष्ठ पासबान के आत्मकथा के लेखन पर उसकी उदार अनुमति और मार्गदर्शन के लिए।

०७ अक्टूबर : सभी धर्मों और देशों के बीच एकता के लिए।

०८ अक्टूबर : हमारे सेंट पहल मैट्रिकुलेशन स्कूल (ग्रामीध हाईस्कूल) में नए छात्र को प्रवेश प्रदान करने के लिए।

०९ अक्टूबर : हमारे सहयोगी और राज्य समन्वयक और उनके परिवार के लिए।

१० अक्टूबर : हमारे सुसमाचार छापखाने की आशीष के लिए।

११ अक्टूबर : सारी दुनिया में लोगों की सुरक्षा।

१२ अक्टूबर : इस महीने में हमारी सभी जरूरतों को पूरा करने के लिए।

१३ अक्टूबर : प्रत्येक शराबी और दुष्ट के पश्चाताप करने के लिए।

१४ अक्टूबर : दुनिया की सभी महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए।

१५ अक्टूबर : हमें पृथ्वी पर उसके राज्य के निर्माण के लिए केंद्रित दर्शन प्रदान करने के लिए।

१६ अक्टूबर : एको अहफ हिज कहल की युवा और आउटरीच सेवकाई के लिए।

१७ अक्टूबर : हमें भारत के अनपहुंचे हुओं तक पहुंचने में सक्षम बनाने के लिए।

१८ अक्टूबर : हमारे वरिष्ठ पासबान एस. सैम सेल्वा राज और उनके परिवार के उत्तम स्वास्थ्य के लिए।

पृष्ठ 4 से आगे:...

## (अ) समय की पाबन्दी :

किसी भी कार्य को "प्राथमिकता" के सिद्धांत के तहत सही समय पर करना होता है। जब भी हम अपने कर्तव्यों का पालन करने जाते हैं, तो हमें हमेशा प्रकृति से संभावित बाधाओं जैसे बारिश या हवा और यातायात में रुकावट को ध्यान में रखना चाहिए और इसलिए हमें कुछ समय (अतिरिक्त समय) अलग करना होगा और जल्दी शुरू करना होगा। हमें कार्यस्थल या चर्च में कभी भी देर नहीं करनी चाहिए। अगर हमें देर हो गई तो हमें असफलताओं का सामना करना पड़ेगा।

## (ब) जिम्मेदारी :

साधारण से काम भी जिम्मेदारी की भावना के साथ करना है। "कोई भी काम सिद्धता के साथ किया जाना चाहिए"। एक तमिल कहावत के अनुसार जिम्मेदार पदों पर आसीन लोगों को अपने आश्रितों की जरूरतों को ध्यान में रखना चाहिए। यह कहावत है;

(i) हम जो कुछ भी करें, हमें अपने ज्ञान और बुद्धि का अधिकतम उपयोग करना चाहिए।

(ii) हमें अपनी दक्षता और ज्ञान और परमेश्वर के भय का उपयोग करके आत्मविश्वास के साथ सब कुछ करना चाहिए।

उदाहरण के लिए, कुछ को यह जांचने की आदत नहीं है कि उन्होंने स्वयं क्या किया है। वे अपने काम को लेकर कम से कम परेशान हैं। ये लोग सोचते हैं, "यदि मुझसे ऊपर के लोग मेरी गलतियों को ढूंढ़ निकालने में पर्याप्त कुशल हैं, तो मैं उन्हें बाद में सुधार सकता हूं"। यह एक खतरनाक प्रवृत्ति है। सब कुछ सही ढंग से करने के लिए हमारे पास विवेक होना चाहिए। यदि कुछ भी गलत होता है तो हमें उस पर शर्म महसूस होनी चाहिए और प्रतिज्ञा करनी चाहिए कि ऐसी चीजें दोबारा नहीं होनी चाहिए।

## (क) भागीदारी :

प्रत्येक कर्तव्य को व्यक्तिगत स्पर्श के साथ करना पड़ता है। यदि आप सोचते हैं, "यह मेरा काम नहीं है; यह मेरी निजी संपत्ति नहीं है; मैं इस प्रयास के लाभ या हानि के बारे में चिंतित नहीं हूं," आप निश्चित रूप से असफल होंगे।

आप सफाई कर्मचारी या किसी संगठन में उच्च पद पर आसीन व्यक्ति हो सकते हैं। केवल कर्तव्य के लिए कर्तव्यों का पालन करने के बजाय, आपको अपने काम में रुचि दिखानी चाहिए और अपने दिल और आत्मा को इसमें लगाकर वास्तविक भागीदारी के साथ करना चाहिए। तभी आप अपने जीवन में ऊँचे उठेंगे।

बड़ों से सीखने के लिए हमेशा तैयार रहना अच्छा है।

## ३. यहोशू, अधिकार से बन्धा हुआ

"तब अमालेकी आकर रपीदीम में इस्राएलियों से लड़ने लगे" (निर्गमन १७:८)। मूसा ने यहोशू से कहा, कि कुछ लोगों को लेकर अमालेकियों से लड़। यहोशू ने तुरन्त युद्ध के मैदान में प्रवेश किया और मूसा की आज्ञा का पालन किया। बहुत से लोग हैं जो अपने वरिष्ठों या खुद परमेश्वर की बात नहीं मानते हैं! केवल वही लोग, जो अपने वरिष्ठों और परमेश्वर के प्रति आज्ञाकारी हैं, अच्छे नेता बन सकते हैं और अधिकार का उपयोग कर सकते हैं। यहोशू ने अधिकार का सम्मान किया। जब मूसा ने उसे युद्ध में जाने को कहा, तो वह तुरन्त युद्ध के मैदान में चला गया। उसने यह नहीं कहा कि उसके पास सैनिक बनने का कोई प्रशिक्षण नहीं है और उसे दिए गए काम से बचने की कोशिश करें। उसने तुरंत आज्ञा मानी।

## ४. यहोशू, तम्बू में सेवा करता था

"और यहोवा मूसा से इस प्रकार आम्हने-साम्हने बातें करता था, जिस प्रकार कोई अपने भाई से बातें करे। और मूसा तो छावनी में फिर आता था, पर यहोशू नाम एक जवान, जो नून का पुत्र और मूसा का टहलुआ था, वह तम्बू में से न निकलता था" (निर्गमन ३३:११)। परमेश्वर उन्हें ऊंचा करता है जो कलीसिया और कलीसिया की विभिन्न सेवकाइयों से प्यार करते हैं। अगुवों को सख्ती से लोगों से गिरजाघर में आने के लिए कहना चाहिए। परमेश्वर कलीसिया की सभा से प्यार करता है। एक कलीसिया चुनें और उसकी सभी गतिविधियों में भाग लें। तब आप बिना मांगे परमेश्वर की आशीष प्राप्त करेंगे।

पृष्ठ 9 में क्रमशः...


नहेम्याह बाइबल कॉलेज
EVENING COLLEGE
Chepauk & Santhoshapuram, Chennai.
माध्यमः तमिल
सदस्यता के लिए पंजीकृत उम्मीदवार - ATA
सुविख्यात अंतर्राष्ट्रीय मसीही अगुवे तथा पिछले 53 वर्षों से सेवारत वरिष्ठ पासवान
सर्टिफिकेट इन थियोलॉजी – 1 साल
डिप्लोमा ऑफ थियोलॉजी – 2 साल
योग्यता 10 वी या अधिक
जल्दी करें!
Contact : The Chairman, Nehemiah Bible College.
10, MOHAMMED ABDULLAH 2ND STREET, BELLS ROAD, CHEPAUK, CHENNAI - 600 005, INDIA.
Phone : (+91-44) 2852 8282, Cell : (+91) 98410 71852 / 95661 31858
E.mail : sam@echoofhiscall.org / Website : www.echoofhiscall.org

## कृपया हमारे मुख्यालय में हो रहे सेवाकार्यों के लिए प्रार्थना करें!

१. प्रार्थना सेवा : २४ घंटे
२. **बाइबलकोर** - बाइबल पत्राचार पाठ्यक्रम : अंग्रेजी, तमिल, हिन्दी
३. **बुलावे की प्रतिध्वनि (एको ऑफ हिज़ कॉल)** - मासिक पत्रिका अंग्रेजी, तमिल, मलयालम, तेलुगू, हिन्दी, कन्नड, मराठी, गुजराती, बगाली, उड़िया, नेपाली, आसामी, पंजाबी, उर्दू, सिन्हाला, अफ्रीकान
४. नहेम्याह बाइबल कॉलेज (दो केन्द्र)
५. थियोलॉजिकल प्रशिक्षण कोर्स - अंग्रेजी एवं तमिल
६. ग्रेट कमिशन पार्टनर्स
७. प्रशिक्षण कार्यक्रम
८. सुसमाचार सभाएं
९. साहित्य वितरण और फॉलो-अप
१०. सुसमाचार साहित्य मुद्रणालय -प्रकाशन
११. सेंट पॉल्स मॅट्रिक्युलेशन स्कूल - विलेज इंग्लीश स्कूल
१२. सण्डेस्कूल रविवार प्रातः ८.३० बजे
**१३. तमिल उपासना रविवार प्रात ५.०० बजे - ७.०० बजे १०.००बजे**
**१४. हिन्दी उपासना रविवार सायं ४.०० बजे**
**१५. तेलुगू उपासना रविवार सायं ५.०० बजे**
**१६. अंग्रेजी तथा तमिल उपासना रविवार सायं ६.०० बजे**
१७. पादरियों द्वारा सलाह मशवरा रविवार सायं ४.०० बजे
१८. महिलाओं की प्रार्थना सभा बुधवार सायं ५.३० बजे
१९. सप्ताह के मध्य बाइबल अध्ययन बुधवार सायं ६.३० बजे
२०. पुरुषों की प्रार्थना सभा शुक्रवार सायं ६.३० बजे
२१. शिष्यता की सभा शनिवार सायं ६.०० बजे
२२. गृह सभाएँ मंगल.गुरु सायं ६.३० बजे
२३. विशेष पवित्र सहभागिता-प्रभुभोज प्रतिमाह के १ ला दिवस पर प्रातः ५.३० बजे
२४. कर्मचारी समीक्षा सभा प्रथम शनिवार सायं ५.३० बजे
२५. पालकों की प्रार्थना सभा प्रथम रविवार सायं ४.०० बजे
२६. रात्रकालिन प्रार्थना द्वितीय शुक्रवार रात ९.३० बजे
२७. उपवास के साथ प्रार्थना प्रथम शनिवार सायं ९.३० बजे
२८. पवित्र प्रभुभोज द्वितीय रविवार की उपासनाएँ
२९. प्रातःकालीन उपासना प्रतिदिन प्रातः ५.०० बजे
३०. कर्मचारी वर्ग द्वारा प्रार्थना उपासना प्रतिदिन प्रातः ९.०० बजे
३१. कार्यालय प्रातः ९.०० बजे से सायं ६.०० बजे (रविवार छोड़कर)

## ऍको ऑफ हिज़ कॉल पत्राचार पाठ्यक्रम केवल भारत में उम्मीदवार के लिए

### 1. बाइबलकोर

हम नए मसीहियों और गैर–मसीहियों के लिए बाइबल के बुनियादी सत्य पर पत्राचार पाठ्यक्रम प्रस्तुत करते हैं अंग्रेजी–57 पृष्ठ, हिन्दी–76 पृष्ठ, और तमिल–96 पृष्ठ। आपको एक पाठ्यक्रम पुस्तक मिलेगी जिसका शीर्षक है नया जीवन – आपके लिए! इस कोर्स के पूरा होने के बाद आपको ***आपके लिए नया जीवन*** शीर्षक युक्त पाठ्यक्रम की एक पुस्तक प्राप्त होगी।

### 2. ईश्वरविज्ञान पत्राचार पाठ्यक्रम

ईश्वरविज्ञान पत्राचार पाठ्यक्रम नामक एडवान्स्ड डिस्टन्स एज्युकेशन पासबानों, सुसमाचार प्रचारकों और मसीही अगुवों के लिए भी उपलब्ध है जिन्हें परमेश्वर की सेवा के लिए बोझ है– अंग्रेज़ी 537 पृ. और तमिल 652 पृ. ! शुल्क रु. 1000/– लिया जाएगा, 149 अध्यायों की सात पुस्तकें दी जाएगी। सर्टिफिकेट इन मिनिस्ट्री दिया जाएगा। परमेश्वर आपको आशीष दे!

***अधिक जानकारी के लिए आज ही सम्पर्क करें।***

**The Chairman, Nehemiah Bible College,**
Echo of His Call, **Post Box 2957**
CHEPAUK, CHENNAI - 600 005.
**Ph.: (044) 2852 8282, 2852 9293, 2854 7766,**
**Cell : 98410 71852, 95661 31858**
**E.mail : biblecor@yahoo.co.in**

## एको ऑफ हिज़ कॉल मासिक पत्रिका विनामूल्य पाने का उत्तम अवसर

यदि आप डाक, पत्र, ईमेल, वॉट्स अप या फोन करके अपने मित्रों/रिश्तेदारों के पते भेज सके, तो हम उन्हें **एको ऑफ हिज़ कॉल** मासिक पत्रिका विनामूल्य भेजेंगे।

## कर में छूट

किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था द्वारा ''एको ऑफ हिज़ कॉल एज्युकेशनल ट्रस्ट'' को दिया गया दान आयकर कानून की धारा ८० जी. के तहत कर मुक्त माना जाता है। इसके लिए अधिकृत रसीद दी जाएगी। दानदाताओं से निवेदन है कि वे अपने चेक तथा ड्राफ्ट **''एको ऑफ हिज़ कॉल एज्युकेशनल ट्रस्ट''** के नाम पर आपके आधार कार्ड और पैन कार्ड के साथ भेज दें।

| | | |
|---|---|---|
| Account Name | : | ECHO OF HIS CALL EDUCATIONAL TRUST |
| Account Number | : | 1023 2923 805 |
| Bank Name | : | STATE BANK OF INDIA |
| Branch | : | TRIPLICANE, CHENNAI - 600 005 |
| IFSC Code | : | SBIN 0000249 |
| SWIFT Code | : | SBI NIN BB 455 |



# खाई से महल तक

(पास्टर एस. सॅम सेल्वा राज के जीवन अनुभव)

*"जो पढ़े वह समझे"* मत्ती 24:15

## मेरी युवावस्था का दूसरा पक्ष

## The other side of my youth!

मेरी युवावस्था में मेरा दिल परमेश्वर के साथ और उसके राज्य की बातों के लिए परमेश्वर के बहुत करीब था। परमेश्वर का भय मेरे जीवन की सांस थी और प्रभु के प्रति पवित्रता मेरे जीवन का केंद्र थी। मेरे दिल में अपना उद्देश्य और मेरे लिए उसकी परवाह खोए बिना, परमेश्वर ने मेरा मार्गदर्शन किया। मेरा दिमाग ईश्वरीय मामलों में बहुत तेज और सांसारिक मामलों में बहुत कुंद था। मेरा प्रार्थना जीवन बहुत उत्कट था। इन सबसे ऊपर, मैंने अपने जीवन के हर एक मिनट को एक महान आशीष और सम्मान माना।

मैं स्पष्ट रूप से समझ सकता था कि परमेश्वर के लिए कुछ ठोस हासिल करने के लिए मेरा आंतरिक जुनून मेरे भीतर एक नए व्यक्ति को आकार देकर मेरी आत्म-महत्वाकांक्षाओं को नष्ट कर रहा था। मेरे पास एक केंद्रित और आत्मा-नियंत्रित मार्गदर्शन था, जिसे दुनिया समझ नहीं पाई।



*भाई वेस्ली देवदासन*
*(हेरल्ड ऑफ हिज़ कमिंग)*



*रेव्ह. जॉन रॉश कमलन*
*(प्रेस्बिटर, चर्च ऑफ साऊथ इंडिया)*



*रेव्ह. जे. जयचन्द्रन*
*(प्रेस्बिटर, एसेम्ब्ली ऑफ गॉड चर्च)*



*भाई डेविड रेजिनाल्ड*
*(ले प्रीचर)*

मसीह का सुसमाचार ले चलने की मेरी इच्छा हमेशा मेरे भीतर जल रही थी। नेल्लाराइकोनम ग्राम सीएसआई चर्च के मेरे समान विचारधारा वाले मित्र, भाई एस. अब्राहम, जे. अल्बर्ट देवदास, पी. सामराज, वाई. थंगमणि, एस. पौलुस, जे. जहर्ज रहबिन्सन, एस. बेन्सन जेसुदास, बहने डी. बेबी सुशीला, और जे. कनागम्मल मेरे साथ शामिल हो गए। १० अगस्त १९६९ को परमेश्वर के अनुग्रह से "गुड न्यूज प्रेयर बैंड" का जन्म हुआ। हमने गिरजाघरों में प्रार्थना सभाएं और सुसमाचार सभाएं आयोजित कीं। इस प्रयास के परिणामस्वरूप, बहुत से लोग बच गए और बहुत से सेवकाई में शामिल हो गए। इस समय, भाई जी. जयानंद पहलमनी, ए. सेल्वराज, वेस्ली देवदासन, जहन रोश कमलम, और जे. जयचंद्रन मेरे साथ सेवकाई में शामिल होने के लिए आगे आए थे। मैंने हारमोनियम बजाया, वेस्ली देवदासन गिटारवादक थे, डेविड रेजिनाल्ड और जहन रोश कमलम वायलिन वादक थे और पी. सामराज बाँगो बजाते थे। संगीत वाद्ययंत्रों के साथ हमारी सुसमाचार टीम ने लोगों को हमारी सभाओं में आकर्षित किया। मधुर गीतों के साथ-साथ हमने लोगों को मुफ्त में सुसमाचार का प्रचार किया।

देहाती कलीसिया के अलावा, हमने थुकलय, नेयूर, उदयरविल्लई, कोलाचल, करुंगल, कुझीथुरई, मार्थंडम, कदमलाईकुंडू, नागरकोइल, मूवाट्रमुगम, पल्लियाडी, पेचिपराई, कोधयार, कन्याकुमारी, मुत्तम और अन्य जगहों पर सुसमाचार सभाएं आयोजित कीं।



बहुत से जवान, बुजुर्ग और बच्चों ने मसीह को अपना जीवन दिया। विशेष रूप से युवा लोगों ने अपने पापपूर्ण मार्गों से परमेश्वर के प्रति पश्चाताप किया और एक ईश्वरीय जीवन जीने के लिए प्रतिबद्ध हुए। बहुत से बीमार लोग चंगे हो गए और दुष्टात्मा से ग्रस्त लोगों का उद्धार हुआ। इससे मुझमें एक

नया जोश आया; मैंने १५ से २० मील नंगे पांव चलकर ट्रैक्ट बांटना शुरू किया। दूसरों को लगा कि मैं पागल हो गया हूं। लेकिन मेरे माता-पिता ने मुझे एक धर्मी संतान के रूप में समझा।

हालांकि मेरी सेवकाई की शुरुआत में परमेश्वर के कार्य के लिए कोई अनुकूल परिस्थिति और प्रोत्साहन नहीं था, फिर भी मैं सेवकाई में सक्रिय होने के लिए बहुत जोशीला था। ऐसी स्थिति के बाद, परमेश्वर ने मुद्रित पृष्ठों के माध्यम से मेरी सेवकाई में अगले स्तर तक मेरा मार्गदर्शन किया। ***

---

*पृष्ठ 6 से आगे:...*

आज की दुनिया में, लोगों के अंदर कलीसिया में इकट्ठा होने और आराधना करने की इच्छा नहीं है। कभी-कभी परमेश्वर के प्रसिद्ध सेवक भी लोगों को कलीसिया जाने के लिए प्रोत्साहित नहीं करते हैं। हम जानते हैं कि प्रभु ने हमें कलीसिया में इकट्ठा होने और उसकी आराधना करने की आज्ञा दी है। लेकिन जाने-माने प्रचारक रविवार को टीवी चैनलों में अपने और अपनी सेवकाई के लिए अधिक सहायक पाने के इरादे से प्रचार करते हुए कार्यक्रमों का प्रसारण करते हैं। ये सुसमाचार प्रचारक जिन्हें कलीसिया और लोगों के बीच सेतु के रूप में होना है, उन्हें भटकाते हैं और लोगों के बीच विभाजन लाते हैं! बेशक, ऐसे कार्यक्रम उन बुजुर्गों या बीमारों के लिए मददगार होते हैं जो गिरजाघर नहीं जा सकते। वे घर पर रहकर देख सकते हैं, जबकि अन्य को कलीसिया में जाना चाहिए। लेकिन सुसमाचार प्रचारकों को सभी सक्षम स्वस्थ लोगों को बेशक कलीसिया में भाग लेने के लिए कहना चाहिए।

## यहोशू, दृढ़ता के साथ निर्णय लेने वाला।

महत्वपूर्ण समय पर, यहोशू ने निर्णायक निर्णय लिए। अच्छे निर्णय लेने वालों को परमेश्वर ऊंचा करता है। हमें निर्णय लेने में दृढ़ रहना चाहिए और उस पर टिके रहना चाहिए। ऐसे लोगों को उठाता है। यहोशू ने इस्राएलियों की मण्डली से बिनती की, कि केवल यहोवा ही की उपासना करें, और उसके आदर्श का पालन करें, "परंतु मैं तो अपने घराने समेत यहोवा की सेवा नित करूंगा" (यहोशू २४:१५)। परमेश्वर ऐसे लोगों की तलाश में है जो मानसिक रूप से मजबूत हों और साहसपूर्वक निर्णय लें, और उसके साथ खड़े हों।



इसके अलावा, जो लोग परमेश्वर के प्रकाशन को प्राप्त करते हैं उन्हें बिना शर्म महसूस किए दूसरों को चुनौती देनी चाहिए या नतीजों के बारे में सोचना चाहिए और लोगों को प्रभु की सेवा करने का तरीका दिखाना चाहिए। इन दिनों बिना दर्शन के, बिना बुलावे के, बिना विश्वास के और बिना ठोस शिक्षा के सेवकाइयों की भरमार है। इसलिए विश्वासी जो बचाए नहीं गए हैं वे भी बढ़ते जा रहे हैं।

हमें अपना जीवन केवल परमेश्वर पर निर्भर होकर जीना चाहिए। हमें अपने विश्वास में स्पष्ट और सच्चे होना चाहिए। जब बहुत से लोग हमारी सेवकाइयों में भाग लेने के लिए आते हैं तो हमें आर्थिक लाभों के बारे में नहीं सोचना चाहिए, बल्कि हमें उन्हें अपने पापों के लिए पश्चाताप करना चाहिए और मसीह द्वारा सिखाया गया पवित्र जीवन जीना चाहिए, क्योंकि दुनिया हर दिन बद से बदतर होती जा रही है। लोगों को इन खतरनाक बुराइयों से मुक्त करने के लिए, यहोशू की तरह दृढ़ निर्णय लें। आपका जीवन पूरी तरह से बदल जाएगा। परमेश्वर आपको आशीष देगा!

************

## भजन १०३:१-५

१ हे मेरे मन, यहोवा को धन्य कह; और जो कुछ मुझ में है, वह उसके पवित्र नाम को धन्य कहे!
२ हे मेरे मन, यहोवा को धन्य कह, और उसके किसी उपकार को न भूलना।
३ वही तो तेरे सब अधर्म को क्षमा करता, और तेरे सब रोगों को चंगा करता है,
४ वही तो तेरे प्राण को नाश होने से बचा लेता है, और तेरे सिर पर करूणा और दया का मुकुट बान्धता है,
५ वही तो तेरी लालसा को उत्तम पदार्थों से तृप्त करता है, जिस से तेरी जवानी उकाब की नाईं नई हो जाती है।

## अति आवश्यक समाचार आपके सेल फोन के संदेश!

हमें अपने मित्रों की ओर से हमारे सेल फोन के माध्यम से कई तस्वीरें और बाइबल के वचन प्रतिदिन मिलते हैं। वस्तुतः हम उन सभों को नहीं देख सकते। हमारे पास उन्हें अपने सेल फोन से डिलीट करने के अलावा दूसरा रास्ता नहीं होता। इसलिए हम प्रेमपूर्वक और नम्रता के साथ आपसे आग्रह करते हैं कि बाइबल के वचन सामान्य संदेश और तस्वीरें हमारे सेल फोन में भेजने से बचें। परंतु आप अपने प्रार्थना निवेदन और विशेष संदेश हमेशा भेज सकते हैं। आपकी समझ के लिए हम आप का धन्यवाद करते हैं।

पा. एस सैम सेल्वराज

RNI.No.63656/95, Postal Regn.No.TN/CH/(C)/202/21-23 WPP.No.TN/PMG(CCR)/WPP-222/21-23


## WANTED
## OFFICE STAFF

**Echo of His Call** requires experienced and dedicated typists and computer operators.

Contact : ECHO OF HIS CALL
Cell : 98412 71858
E.mail : sam@echoofhiscall.org


## OUR BANK DETAILS:

### *1. Bank : State Bank of India*

Branch : **Triplicane, Chennai-5**
Name : **S. Sam Selva Raj**
A/C No. : **1023 2934 679**
IFSC : **SBIN 00 00 249**
SWIFT CODE : **SBI NIN BB 455**

### *2. Bank : ICICI Bank*

Branch : **Anna Salai, Chennai-6**
Name : **Echo of His Call**
A/C No. : **6038 0502 2319**
IFSC : **ICIC 000 6038**

### *3. Bank : State Bank of India*

**(This Account is for Tax Exemption for Indians only )**

Branch : **Triplicane, Chennai-5**
Name : **Echo of His Call Educational Trust**
A/C No. : **1023 2923 805**
IFSC : **SBIN 00 00 249**

**Google Pay: 98410 71858**
**PayPal : SAM SELVA RAJ**
*****
E.mail : sam@echoofhiscall.org

# एको ऑफ हिज़ कॉल

१६ भाषाओं में मासिक पत्रिकाएं, पत्राचार पाठ्यक्रम, कलीसिया रोपन, ग्रामीण अंग्रेज़ी हायस्कूल, सुसमाचार छापखाना, क्रूसेड, सेमिनार, समाज सेवा आदि।

**वार्षिक शुल्कः रु. १००/-     आजीवन शुल्कः रु. २,०००/-**

**एको ऑफ हिज़ कॉल** की गतिविधियां आपके समान परमेश्वर के लोगों के स्वेच्छा दानों और भेंटों से पूरी की जाती हैं। आप परमेश्वर की अगुवाई के अनुसार **एको ऑफ हिज़ कॉल** और उसके सारे कार्यक्रमों को आर्थिक सहायता भेज सकते हैं। अनपहुंचे लोगों को सुसमाचार सुनाने हेतु और कलीसिया की स्थापना के लिए हमें आपकी सहायता की ज़रूरत है।

अगर आप **एको ऑफ हिज़ कॉल** मासिक पत्रिका नियमित रूप से प्राप्त करना चाहते हैं तो कृपया हमें लिख भेजें। जब कभी अपना पता या ई-मेल बदलें तो कृपया अपने पुराने एवं वर्तमान पते के बारे में अवश्य सूचना दें।

**एको ऑफ हिज़ कॉल** सेवकाई १६ भाषाओं की मासिक पत्रिका हमारे वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। आप इस साइट पर जाकर और उसे डाऊनलोड करके उसे पढ़ सकते हैं और आशीष पा सकते हैं।

आपके पत्र, प्रार्थना अनुरोध और आपकी आर्थिक सहायता (मनी ऑर्डर, चेक या डिमांड ड्राफ्ट, एनईएफटी, पेपॅल को(Sam Selva Raj, sam@echoofhiscall.org) PhonePe (98410 71858), Gpay (98410 71858), Western Union, MoneyGram, etc.) कृपया निम्नलिखित पते पर भेजी जा सकती है।

कृपया अपना **लैंड लाईन फोन/सेल फोन क्रमांक और ई-मेल पत्ता** आवश्यक सुधार/अद्यतनीकरण के लिए भेजें।


Our address :
**ECHO OF HIS CALL**
10, MOHAMMED ABDULLAH 2ND STREET, CHEPAUK, CHENNAI - 600 005, INDIA
PH: (+91-44) 2852 8282, 2852 9293, 2854 7766/ Cell: (+91) 98410 71852, 95661 31858 / E.mails: sam@echoofhiscall.org / biblecor@yahoo.co.in
Websites: www.echoofhiscall.org / www.stpaulsmatriculation.com


**YOU CAN SEND YOUR DONATION ONLINE ALSO**


Regd. with the RNI under No . 63656/95
Licenced to post without pre-payment
Postal Regn. No. TN/CH (C) /202/21-23
Licence No. WPP. No. TN/PMG(CCR)/WPP-222/21-23
Date of Publication: Second week of every month
Date of Posting : 8th & 9th of every month
Posted at "Egmore RMS / 1 Patrika Channel"
on 9th SEPTEMBER , 2022
If un-delivered please return to:
ECHO OF HIS CALL (HINDI)
P.O. Box No. 2957, Chepauk, Chennai - 600 005, INDIA.
Phone: (+ 91- 44) 2852 8282, 2852 9293, 2854 7766


*JESUS LOVES YOU!*

To

*GOD BLESS YOU!*

Owned and published by **S. Sam Selva Raj** from New No. 8 & 10, Old No. 18 & 19, Mohammed Abdullah 2nd Street, Chepauk, Chennai-600 005 and printed by him at **Echo of His Call Printers**, New No. 8 & 10, Old No. 18 & 19, Mohammed Abdullah 2nd Street, Chepauk, Chennai-600 005. Editor: **S. Sam Selva Raj.**